प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष सहित सभी राजनीतिक दलों से एन.डी.ए. के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है। आज नई दिल्ली में हुई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए. संसदीय दल की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने एन.डी.ए. सांसदों से सी.पी. राधाकृष्णन का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन ने सांसद और राज्यपाल के रूप में विभिन्न क्षमताओं में कुशलता से सेवा की है।

दूसरी ओर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेडडी को इंडिया गठबंधन की ओर से उपराष्ट्रापति पद का उम्मीदवार बनाये जाने की घोषणा की है। नई दिल्ली में आज संवाददाता सम्मेलन में मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया कि सभी राजनीतिक दल इस बात पर सहमत हैं कि यह विचारधारा की लड़ाई है और इसलिए वे अपना उम्मीादवार उतार रहे हैं। बी. सुदर्शन रेडडी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

मॉनसून सत्र

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि हिमकेयर योजना की 3 सौ 64 करोड़ रूपए की लंबित देनदारी है और इस योजना में हुई धांधली में सुधार किया जा रहा है। प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मॉनसून सत्र के दूसरे दिन आज विधायक विनोद कुमार ने प्रश्नकाल के दौरान सदन में  हिमकेयर योजना के तहत लोगों को इलाज न मिलने का मुद्दा उठाया। इसके जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने माना कि इस योजना में बड़ी धांधली हुई है। इस पर विपक्षी सदस्यों ने सदन में हंगामा किया और एक घंटे के भीतर 3 बार सदन से बाहर चले गए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

जयराम ठाकुर

विधानसभा में विपक्ष के वॉकआउट के बाद नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि गरीबों के मुफ्त इलाज को सरकार ने बंद कर दिया है और प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं निम्न स्तर पर पहुंच चुकी हैं।

***हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य की सेवाओं का सत्यानाश जिस प्रकार से किया है वर्तमान सरकार में ऐसा कभी आज से पहले नहीं हुआ है। निम्न स्तर पर आज तक स्वास्थ्य की सुविधाएं जो आज हिमाचल प्रदेश में चले गई हैं आज प्रश्न के उत्तर में जो मंत्री महोदय ने जवाब दिया है कि अभी भी तीन सौ चौंसठ, करोड़ बीस लाख उनतीस हज़ार सात रुपये हिम केयर के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश में सरकारी हॉस्पिटल में और प्राइवेट हॉस्पिटल में सरकार को देना है और इसी कारण से सरकारी हॉस्पिटल में और प्राइवेट हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने इलाज करने से वहाँ पर मना कर दिया है तो यह सबसे बड़ी चिंता का विषय है।***

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि लोकसभा और विधानसभा लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर हैं जहां देश व प्रदेश के कानून बनाए जाते हैं। उन्होंने आज शिमला में विधानसभा की कार्यवाही देखने आए शिमला के एक निजी स्कूल के विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान ये बात कही। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और दुनिया में सबसे अधिक युवा हमारे देश में हैं। उन्होंने युवाओं से देश के उत्थान व सर्वांगीण विकास में अपना सहयोग देने का आह्वान किया।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून की वर्षा का क्रम आज भी रूक—रूक कर जारी है। बारिश के कारण कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएँ हो रही हैं। राजधानी शिमला में नवबहार—राजभवन मार्ग पर रामचंद्र चौक के पास भारी भूस्खलन हुआ, जिससे आस—पास की तीन—चार इमारतें प्रभावित हुईं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर परिसरों को खाली कराकर लगभग 35 से 40 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार, भूस्खलन के कारण दो राष्ट्रीय राजमार्गों सहित तीन सौ 87 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। इसके अलावा सात सौ साठ बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 86 पेयजल आपूर्ति योजनाएँ भी बाधित हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मानसून सीजन में अब तक दो सौ 68 लोगों की जान जा चुकी है, 37 लापता हैं और तीन सौ 36 घायल हुए हैं। मौसम विभाग ने 25 अगस्त तक राज्य में मूसलाधार बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

इस बीच, खराब मौसम को देखते हुए ज़िला प्रशासन ने किन्नौर कैलाश यात्रा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी है। उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का पालन अवश्य करें।

## मातृवंदना योजना

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 15 जुलाई से 15 अगस्त तक आयोजित विशेष लाभार्थी पंजीकरण अभियान में बिलासपुर ज़िला ने उत्तरी भारत में पहला स्थान हासिल किया है। बिलासपुर के उपायुक्त राहुल कुमार ने ये जानकारी देते हुए बताया कि एक माह तक चले इस अभियान के दौरान ज़िले में 2 सौ 49 प्रतिशत पंजीकरण किया गया।